राज्यपाल सचिवालय, बिहार

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने 'जानकी नवमी' के सुअवसर पर बिहारवासियों को मंगलकामनाएँ दी

पटना, 03 मई 2017

महामहिम राज्यपाल श्री राम नाथ कोविन्द ने 'जानकी नवमी' के सुअवसर पर समस्त बिहारवासियों व देशवासियों को हार्दिक मंगलकामनाएँ दी है।

'जानकी नवमी' पर अपने शुभकामना–संदेश में राज्यपाल श्री कोविन्द ने कहा है कि जगत्जननी माँ जानकी से हमें संघर्षपूर्ण परिस्थितियों में भी दृढ़संकल्पित, निष्ठावान, त्यागी और उदार बने रहने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा है कि बिहार को माता जानकी की पावन जन्मभूमि होने का गौरव प्राप्त है।

राज्यपाल ने 'जानकी नवमी' पर्व को सद्भावना और प्रेमपूर्वक आयोजित करने का अनुरोध किया है।

....